आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार
दिनांकः 16.06.2026 समय : 18.30 पीएम

- केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कम बारिश की आशंका वाले जिलों की पहचान कर फसलवार कंटीजेंसी प्लान तैयार करने के निर्देश दिएं

- 21 जून को दुबारा होने वाली नीट–यूजी परीक्षा के मद्देनजर सोशल मीडिया प्लेटफार्म, टेलीग्राम पर ऑनलाइन संदेश भेजने पर 22 जून तक रोकं

- राज्य में ई–श्रम पोर्टल पर अब तक 1 करोड़ 54 लाख से अधिक पंजीकरण हुए–इनमें 82 लाख से ज्यादा महिला श्रमिक शामिलं

- प्रदेश में अलग–अलग हादसों में 10 लोगों की मृत्युं

0000

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ 2026 की देशव्यापी तैयारियों के लिए आज नई दिल्ली में उच्चस्तरीय बैठक कीं कृषि भवन में हुई इस बैठक में उन्होंने अधिकारियों के साथ संभावित अलनीनो स्थिति पर चर्चा कीं कृषि मंत्री ने कहा कि जिन जिलों में कम बारिश की आशंका है, उनकी पहचान कर पहले से फसलवार कंटीजेंसी प्लान तैयार किया जाए, जिससे किसी भी मौसमी चुनौती की स्थिति में किसानों को तुरंत विकल्प, सलाह और सहायता उपलब्ध कराई जा सकें कृषि मंत्री ने फसलवार लक्ष्य, बुवाई की प्रगति और राज्यवार तैयारियों की समीक्षा करते हुए कपास उत्पादन बढ़ाने पर विचार विमर्श कियां बैठक में दलहन आत्मनिर्भरता मिशन पर भी चर्चा की गईं

000

सर्वोच्च न्यायालय ने आज केंद्र और राज्यों से एक याचिका पर जवाब मांगा हैं इसमें आरोप लगाया गया है कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण की ओर से जारी आधार कार्ड का दुरुपयोग नागरिकता, निवास स्थान और आवासीय पते के प्रमाण के रूप में किया जा रहा हैं याचिका में यह निर्देश देने की मांग की गई है कि इसका उपयोग केवल पहचान सत्यापन तक ही सीमित रखा जाएं मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने केंद्र और सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों को नोटिस जारी किया हैं

000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी–7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए आज फ्रांस के एवियों पहुंचें श्री मोदी लगातार सातवीं बार जी–7 सम्मेलन में भाग ले रहे हैं वहीं इस महत्वपूर्ण बहुपक्षीय आयोजन में भारत 13वीं बार भागीदारी कर रहा हैं सम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री मोदी दुनिया के विकासशील देशों का पक्ष और चिंताएं मजबूती से रखेंगें

श्री मोदी एक उच्च–स्तरीय कार्य सत्र में भाग लेंगें सत्र का विषय – नई भागीदारी बनाना और अंतरराष्ट्रीय एकजुटता पुर्नस्थापित करना हैं सत्र में जी–7 देशों, भागीदार देशों के नेता, विश्व बैंक और अफ्रीका विकास बैंक के प्रतिनिधि शामिल होंगें प्रधानमंत्री श्री मोदी कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और संयुक्त अरब अमीरात के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगें

000

21 जून को दुबारा होने वाली नीट–यूजी परीक्षा के लिए बीते चौबीस घंटों में 10 लाख से ज्यादा अभ्यर्थियों ने अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लिये हैं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी–एनटीए ने बताया है कि इस बीच, पारदर्शिता बढाने और पेपर लीक की आशंकाओं को समाप्त करने के लिए सरकार ने 22 जून तक टेलीग्राम एप्लीकेशन पर ऑनलाइन संदेश भेजने पर रोक लगा दी हैं एनटीए ने कहा कि यह प्रतिबंध नीट पुनर्परीक्षा के दिन और उसके तुरंत बाद तक लागू रहेगां एजेंसी ने कहा कि टेलीग्राम को 30 तारीख तक पहले से पोस्ट किए गए संदेशों को संपादित करने की सुविधा को भी

बंद करने के निर्देश दिये गये हैं इधर प्रदेश में भी नीट–यूजी परीक्षा को सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं जयपुर जिला कलेक्टर संदेश नायक ने बताया कि परीक्षा केन्द्रों पर कानून व्यवस्था, परीक्षा सामग्री के सुरक्षित वितरण और यातायात प्रबंधन के लिए पुख्ता बन्दोबस्त किये जायेगें

000

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रसारित ई–20 ईंधन के इस्तेमाल से वाहन बीमा दावों को खारिज करने वाली खबर का खंडन किया हैं पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने बताया है कि ये दावा निराधार हैं पीआईबी ने ये स्पष्ट किया है कि ई20 ईंधन के इस्तेमाल के बावजूद मोटर बीमा पॉलिसियां वैध रहती हैं

000

केन्द्र सरकार ने औषधि नियम, 1945 में संशोधन अधिसूचित किया हैं इसमें छोटे गांवों में कफ सिरप की बिक्री पर दी गई छूट वापस ले ली गई हैं अब छोटे गांवों में कफ सिरप की बिक्री और वितरण केवल विधिवत लाइसेंस प्राप्त फार्मेसियों के माध्यम से ही किया जाएगां

000

..............

राज्य में ई–श्रम पोर्टल के लिए श्रमिकों में जागरूकता बढ़ी हैं अब तक एक करोड़ 54 लाख से अधिक श्रमिक, पोर्टल पर पंजीकृत हो चुके हैं इनमें 82 लाख से ज्यादा महिलाएं और करीब 72 लाख से ज्यादा पुरूष मिक हैं महिलाओं की श्रम भागीदारी प्रदेश में करीब साढे 53 प्रतिशत है जो आर्थिक और सामाजिक क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती सकियता दर्शाती हैं पंजीकृत श्रमिक केवल एक क्लिक पर अनेक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ सकते हैं, साथ ही ई–श्रम पोर्टल रोजगार, कौशल विकास और स्वरोजगार के अवसरों को भी बढ़ावा दे रहा हैं ये श्रमिकों को पेंशन, बीमा, स्वास्थ्य और आवास सहित अन्य सुविधाओं से जोड़ने वाला एकीकृत मंच हैं

000

इण्डिया स्टोन मार्ट–2028 के आयोजन के लिए रीको और लघु उद्योग भारती के बीच आज जयपुर में एमओयू पर हस्ताक्षर किये गयें उद्योग मंत्री राज्यवर्द्धन राठौड़ की मौजूदगी में कॉन्सीट्यूशन क्लब में ये आयोजन हुआं इस मौके पर श्री राठौड़ ने अपने सम्बोधन में कहा कि राज्य में पत्थर और शिल्प की कोई कमी नहीं है इसे उत्कृष्ट पहचान देने की जरूरत हैं उन्होंने कहा कि स्टोन मार्ट, पत्थर उद्योग के लिए वैश्विक मंच के रूप में उभर चुका हैं

.................

000

प्रदेश में बीते चौबीस घंटों में अलग–अलग हादसों में 10 लोगों की मौत हो गई बारां जिले के छबड़ा क्षेत्र में पार्वती नदी में डूबने से चार लोगों की मृत्यु हो गई पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ये लोग मध्यप्रदेश के गुना के निवासी थे और छबडा के गुगोर में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थें उधर बालोतरा में आज एक सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई

दुर्घटना पाटौदी गांव के पास रोड़वेज बस और कार की टक्कर से हुई, जिसमें कार सवार चारों भाइयों ने मौके पर ही दम तोड़ दियां वहीं पाली–जोधपुर हाई–वे पर मंडिया बाईपास के पास एक कार के बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराने से दो लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गई वहीं एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे पाली के बांगड अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं उधर भिवाड़ी में एक औद्योगिक इकाई के निर्माणाधीन हौद की दीवार ढहने से तीन बालकों की मौत हो गई वहीं तीन अन्य बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गयें ये हादसा कल दोपहर हुआ जिसमें कल एक बालक की मृत्यु हो गई वहीं दो अन्य बालकों ने आज ईलाज के दौरान दम तोड़ दियां

000

भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल आज कोटा पहुंचें उन्होंने प्रेसवार्ता में कहा कि नीट पेपर लीक मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की गई हैं समूचे प्रकरण की जांच की जा रही हैं उन्होंने एनडीए सरकार के पिछले 12 वर्षों की उपलब्धियां गिनाते हुए इसे बदलते भारत की तस्वीर बतायां

............

प्रेसवार्ता में मंत्री मदन दिलावर और हीरालाल नागर मौजूद रहें उधर, भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या आज जोधपुर पहुंचें उन्होंने काजरी सभागार में प्रबुद्धजन सम्मेलन को

सम्बोधित कियां श्री सूर्या ने कहा कि आज के दौर में सूचनाओं का बहुत तेज़ी से प्रसार हो रहा है और प्रौद्योगिकी के इस समय में गांव–ढांणी में बैठा व्यक्ति भी पूरी दुनिया के घटनाक्रम की जानकारी रखता हैं

मीडिया से बातचीत में श्री सूर्या ने कहा कि केन्द्र सरकार पेपर लीक पर लगाम लगाने के लिए सख्त कदम उठा रही हैं केंद्र की एनडीए सरकार के 12 साल का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष में विभिन्न स्थानों पर प्रेसवार्ता कर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी गईं

000

वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की कल 486वीं जयंती हैं राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने प्रताप जयन्ती पर प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं अपने संदेश में श्री बागडे ने कहा कि महाराणा प्रताप ने अदम्य साहस का परिचय देते हुए मुगलों को मेवाड़ से खदेड़ा थां मातृभूमि की रक्षा के लिए उनके संघर्ष को हमेशा याद रखा जाएगां मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने भी प्रताप जयंती की पूर्व संध्या पर अपने शुभकामना संदेश में उन्हें आत्म गौरव के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वाला बताया हैं

प्रताप जयंती के अवसर पर सलूम्बर जिले के चावंड़ स्थित प्रताप स्मारक पर कल विशेष कार्यक्रम रखा गया हैं उधर पाली के धान मण्डी में कल होने वाले जन्म जयंती समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा हैं इसी कड़ी में आज महाराणा की राज तिलक स्थली गोगुन्दा में भी विशेष आयोजन हो रहा हैं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गोगुन्दा पहुंचे हैं वहीं राजसमंद के मचीन्द गांव स्थित राणा पूंजा पर्यटन स्थल पर प्रताप जयंती के मौके पर आयोजित दो दिन का मेला आज सम्पन्न हुआं

000

सरहदी जिले जैसलमेर में नियमित और सुचारू जल आपूर्ति के लिए आज पांच नलकूपों का लोकार्पण किया गयां 55 लाख रूपये की लागत से ये नलकूप गजरूप सागर स्थित परिसर में लगाये गये हैं इससे शहर में पेयजल व्यवस्था को मजबूती मिलेगीं

000